Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 सितिंबर, 2022

लेखकिा हलिेरी मेंटल

दो बार बुकर पुरस्कार से सम्मानति होने वाली पहली महलिा और लोकप्रयि उपन्यास **'वुल्फ हॉल'** की लेखकिा हलिैरी मेंटल का 70 वर्ष की आयु में 22 सतिंबर, 2022 को लंदन में नधिन हो गया। इनका **जन्म डर्बीशर, इंग्लैंड के ग्लोस्सोप में 6 जुलाई, 1952** को हुआ था। इनको **वर्ष 2009 में थॉमस क्रोमवेल शृंखला** के पहले उपन्यास **'वुल्फ हॉल'** के लयि तथा **वर्ष 2012** में अनुवर्ती उपन्यास **'ब्रगि अप द बॉडीज'** के लयि 'बुकर पुरस्कार' से सम्मानति कयिा गया। शृंखला के तीसरे उपन्यास के तौर पर वर्ष 2020 में प्रकाशति **'द मरिर एंड द लाइट'** को भी पाठकों ने काफी पसंद कयिा और वह बुकर पुरस्कार,2020 के लयि लंबे समय तक सूचीबद्ध रही। अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार वार्षकि रूप से कसिी एक पुस्तक को प्रदान कयिा जाता है जसिका अंग्रेज़ी में अनुवाद कयिा गया हो तथा यूके या आयरलैंड में प्रकाशति हो। अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2005 में मैन बुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में हुई।

मूनलाइटगि

आईटी कंपनी वप्रिो ने **मूनलाइटगि (Moonlighting)** के आरोप में अपने 300 कर्मचारियों को नौकरी से नकिाल दयिा है। हाल ही में **Swiggy ने इंडस्ट्री में सबसे पहले मूनलाइटगि पॉलसिी** की घोषणा की है। हालाँकयिह **पहली बार** है जब कसिी आईटी कंपनी ने मूनलाइटगि की वजह से अधकि संख्या में लोगों को नौकरी से नकिाला है। **जब कोई कर्मचारी अपनी स्थायी नौकरी के साथ ही दूसरी जगह भी चोरी-छपि काम करता है तो उसे तकनीकी तौर पर 'मूनलाइटगि' कहा जाता है।** सरल शब्दों में इसे **साइड जॉब** भी कहा जाता है। आईटी उद्योग में मूनलाइटगि काफी लोकप्रयि हो गई है क्योंक**COVID-19 महामारी** के दौरान घर से काम करना एक आदर्श व्यवस्था बन गई है। ज़्यादातर कंपनयिाँ इसे अनैतकि मानती हैं, बावजूद इसके लोग मूनलाइटगि करते हैं। **रमिोट जॉब में मूनलाइटगि ज़्यादा देखने को मलिती है।** साइड **जॉब** को मूनलाइटगि इसलयि कहा जाता है क्योंकयिह काम ज़्यादातर**रात में या वीकेंड पर कयिा जाता है।**

एल्वसि अली हजारकिा

असम के **एल्वसि अली हजारकिा नॉर्थ चैनल** को पार करने वाले पूर्वोत्तर क्षेत्र के**पहले तैराक** बन गए हैं। नॉर्थ चैनल **उत्तरी आयरलैंड और दक्षणि-पश्चमिी स्कॉटलैंड के बीच का जल क्षेत्र है।** एल्वसि और उनकी टीम ने इस जल क्षेत्र को पार करने में **14 घंटे 38 मनिट का समय लयिा** । इस प्रकार एल्वसि नॉर्थ चैनल को पार करने वाले **सबसे अधकि आयु के भारतीय तैराक** भी बन गए। उत्तरी चैनल आयरशि सागर को अटलांटकि महासागर से जोड़ता है और **अंतर्राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण संगठन (IHO)** द्वारा आधकिारकि तौर पर **"स्कॉटलैंड के पश्चमिी तट से इनर सीज़"** के रूप में वर्गीकृत समुद्री क्षेत्र का हसि्सा है। मोयल के जलडमरूमध्य या **सी ऑफ मोयल**, उत्तर-पूर्वी उत्तरी आयरलैंड (काउंटी एंट्रीम) और स्कॉटलैंड के दक्षणि-पश्चमिी हाइलैंड्स के बीच उत्तरी चैनल में समुद्र के सबसे संकीर्ण वसि्तार को दयिा गया नाम है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-september-2022